


# THE CHRACTER OF CHRIST AND MUHAMMAD COMPARED

# سیرت المسیح و المحمد

علامہ جی ایل ٹھاکر داس

# सीरत-ए-मसीह व मुहम्मद

अल्लामा जी. एल. ठाकुर दास

1886

# मसीह को बलिआल के साथ कौनसी मुवाफ़िक़त है

(इन्जील शरीफ़ ख़त-ए-दोम अहले-कुरिन्थियों रुकूअ 6 आयत 15)

What harmony is there?
Between Christ and Belial (2 Cor.6:15)

# THE LIFE OF

## MUHAMMAD & JESUS CHRIST

**CAMPARED**

**BY**

**ALLAMA.G.L. THAKKUR DAS**

रिसाला

# सीरत-ए-मसीह व मुहम्मद

मुसन्निफ़

**अल्लामा जी॰ एल॰ ठाकुर दास**

1886 ई॰



Rev Allama G.L.Thakur Das

1852 - 1910

# फ़ेहरिस्त मज़ामीन

तम्हीद ........ 5

दफ़ाअ 1 - इन्सान गुनेहगार हैं क्या जनाब-ए-मसीह और जनाब-ए-मुहम्मद भी ऐसे ही थे ........ 9

दफ़ाअ 2 - इन्सान बसबब गुनाह के अपनी गुफ्तार व रफ्तार में साबित-क़दम और उस्तुवार नहीं हैं क्या जनाबे मसीह और जनाबे मुहम्मद भी ऐसे ही थे। ........ 17

दफ़ाअ 3 - इन्सान एक दूसरे के बद-ख़्वाह और मुख़ालिफ़ होते हैं क्या मसीह और मुहम्मद भी ऐसे ही थे ........ 28

दफ़ाअ 4 - इन्सान फ़रेब देते और फ़रेब खाते हैं क्या मसीह और मुहम्मद भी ऐसे ही थे ........ 34

# सीरत-ए-मसीह व मुहम्मद

## तम्हीद

तजुर्बे से और सरीहन भी ये बात क़ाबिल-ए-तस्लीम है कि जब कोई शख़्स किसी ओहदे या काम पर मुम्ताज़ होता है तो उस में इस ओहदे या काम के लायक़ औसाफ़ होने चाहिए। क्योंकि अगर मुनासिब ख़ासियत का शख़्स ना होगा तो मुद्दआ ओहदे की तहसील में शिकस्त होगी या कजी (कमज़ोरी) पाई जाएगी। चुनान्चे हम देखते हैं कि वालदैन होने लिए ख़सलत और परवरिश करने की ख़ासियत हो। दोस्त में वफ़ा हो। मर्द-ए-सिपाही में जवाँमर्दी हो। आलिम में इल्म हो। मुंसिफ़ में इन्साफ़ हो। बादशाह में हौसला और दानाई हो। मुस्लेह में इस्लाह का मलिका हो। किसी गिरोह या मुल्क के सफ़ीर में दानाई और तजुर्बा और हुब्ब-ए-वतनी हो। तब ये काम जो उनके सपुर्द हैं बख़ूबी अंजाम को पहुंचेंगे। मगर इन्सानों में देखा और सुना जाता है, कि अक्सर औक़ात इन उमूर में नुक़्स आ जाता है। दोस्त में बेवफ़ाई और मुंसिफ़ में बे-इंसाफ़ी, सिपाही में बुज़दिली, आलिम में बेइल्मी और मुस्लेह में कमज़ोरी वग़ैरह नुमायां होती हैं।

मगर जब ख़ुदाए हकीम व क़दीर किसी काम को करता है तो उस में नुक़्सान और शिकस्त का दख़ल नहीं। और ना उस के कामों की निस्बत ऐसा ख़याल वाजिब है। या जब वो किसी शख़्स को किसी काम पर मुम्ताज़ करता है। तो उस ओहदे और ओहदेदार में निस्बत होती है। उस में वो सीरत पूरी की जाती है जो उस को मुद्दआ मक़्सूद के लायक़ करे और ये बात ख़ुसूसुन उस की पैग़म्बरी में पेश्तर ज़हूर दिखाई हो। जब किसी को किसी काम के लिए रसूल मुक़र्रर किया तो उस में उस काम के लिए क़ाबिलियत नुमायां की गई। ज़रा ख़याल करो कि मूसा कौन था जो बनी-इस्राईल को मिस्र से निकालता और उनको वो ख़ुदा और वो शराअ (शरीअत) बताता जो उसने ज़ाहिर किया है। ख़ुदा ही ने उस को उस काम के लायक़ किया और उसने वो मक़ासिद पूरे किए। **"पस अब तू जा। मैं तुझे फ़िरऔन पास भेजता हूँ मेरे लोगों को जो बनी-इस्राईल हैं मिस्र से निकाल।"** (तौरेत शरीफ़ किताब ख़ुरूज रुकूअ 3 आयत 10) हर चंद मूसा ने उज़्र किए कि मैं कौन हूँ जो फ़िरऔन के पास जाऊं और बनी-इस्राईल को मिस्र से निकालूं फिर ये कि जब बनी-

इस्राईल पास पहुँचूँ तो उन्हें क्या बताऊं। फिर ये वो मुझ पर ईमान लाएंगे और ना मेरी बात सुनेंगे। और फिर ये कि ऐ मेरे परवरदिगार मैं फ़साहत नहीं रखता ना तो आगे से और ना जब से तूने अपने बंदे से कलाम किया और मेरी ज़बान और बातों में लुक्नत है। मगर ख़ुदा ने उस को हर उज़्र का जवाब दिया और उसे तैयार किया और उस में वो सीरत और औसाफ़ मौजूद किए जिनसे वो उस काम के लायक़ हो गया। और वो ये थे कि मैं तेरी और उस की बात के साथ हूँगा और तुम जो कुछ करोगे तुम को बतलाऊंगा वग़ैरह।

इसी तरह हम देखते हैं कि जनाब-ए-मसीह की शख़्सी ख़ासियत उस काम के लायक़ थी। जिसके लिए आप भेजे गए और वह काम ये था कि बाग़ी और गुमराह इन्सान को ख़ुदा से मिला दे। और अब हम इस अम्र को मए इस बात के दर्याफ़्त करेंगे कि हज़रत मुहम्मद की ज़ाती सीरत क्या थी। आया वो भी इस काम के लायक़ ख़ासियत रखते थे जिसके लिए मसीह आए और अगर वो इस काम के लिए ना आए तो उनका आना बे-ठिकाना है। क्योंकि वही एक काम था जिसकी बनी-आदम को ज़रूरत थी। सो अगर मसीह इस काम के लायक़ ना थे या उनसे ना पूरा हुआ तब तो ख़ुदा ने हज़रत मुहम्मद को इन औसाफ़-ए-ज़रूरी से पुर करके भेजा होगा इसलिए दोनों की सीरत-ए-ज़ाती और मस्नूई से आगाह होना मुक़द्दम है।

अब पेश्तर इस से कि हम ऐसी सीरत की वाक़ई सूरत देखें इस बात का ख़याल रखें कि दुनिया को कैसे सुलह और उस्ताद और मुंजी (नजात-दहिंदा) की ज़रूरत थी और है। अगर इन्सान उमूमन पैसे टके के कर्ज़दार होते ऐसा कि कुल साहूकारों के भी दिवालिये निकले होते तो अलबत्ता ऐसे शख़्स की ज़रूरत होती जो इस क़िस्म की तक्लीफ़ से रिहा करे। अगर कुल इन्सान किसी जिस्मानी मर्ज़ में गिरफ़्तार होते तो किसी साहिब-ए-तिब्ब (हकीम) की हाजत थी। अगर नंगे और भूके होते तो किसी सैर-कुनिंदा का आना लाज़िम था। अगर क़वानीन क़ुद्रत से जिनको जिस्मानी क़वानीन कहते हैं। जिनसे इन्सान अलल-उमूम मुक़य्यद हैं। और अगर जिनसे तजावुज़ करना गुनाह में दाख़िल हो। तो किसी नेचुरल फिलासफर की ज़रूरत होती। जो बतलाता कि आग को मत छूना, हाथ जल जाएगा। पानी में बेसामान मत जाना डूब जाओगे। बुलंदी से मत गिरना। ज़र्ब (चोट) लगेगी। अपने जिस्म को किसी आले से मत काटना कट जाएगा। ग़रज़ कि इसी क़िस्म की भूल चूक के लिए ऐसा हादी ज़रूर था। मगर ख़ुदावंद करीम इन्सान की ऐसी हाजतों को और ही तरह रफ़ा करता है। लेकिन इन्सान तो गुनाह से ख़राब हो गए। गुनाह से और गुनाह में पलीद हो

गए। हवा व होस (नफ्सानी खवाहिश) के हमलों और ग़लबों में अक़्ल असीर (क़ैद) हो गई और नफ़्सानी रग़बत ही ने शराअ (शरीअत) होने का क़रार वाक़ई पाया। अपने फ़राइज़ को इन्सान भूल गया। सदाक़त को पामाल किया और इनके एवज़ बर्गश्तगी और बतालत उसूल ठहरे पस वो नजात-दहिंदा और उस्ताद होना चाहिए जो इन बातों से नजात दे और नजात-दहिंदा में हम वो खासियतें तलाश करेंगे और चाहेंगे जो इस काम के लायक़ हों। वर्ना पेशदस्ती से या अंधा धुंद हर कस व नाकिस को मुंजी (नजात-दहिंदा) और उस्ताद और हादी (हिदायत देने वाला) नहीं मान सकते पर अगर उस की ज़ाती सीरत औरों के हो तो इस काम के लायक़ ना होगा। मसलन अगर कोई सिपहसालार किसी बुज़दिल फ़ौज का सर गिरोह हो तो उस को लाज़िम होगा कि आप दिलेर हो। और अगर ना ख़वांदों (अनपढों) का उस्ताद हो तो ज़रूर उस में ख़वांदगी (पढ़ने लिखने) की ख़ूबी होनी चाहिए। इसी तरह ख़याल करो कि हमसार गुनेहगार इन्सानों के लिए कैसा हादी और मुंजी (नजात-दहिंदा) दरकार है। इन्सान की ज़ाती हालत तो ज़ाहिर है मुंजी (नजात-दहिंदा) की हालत मालूम करनी चाहिए और हम देखेंगे कि सिवाए जनाब मसीह के किसी में ये ज़ाती सीरत ये ख़ूबी और ख़सलत नहीं है। और इस बार हम अक्सरों का ज़िक्र नहीं सुनाएंगे। मगर सिर्फ जनाब मसीह और जनाब मुहम्मद का। और इन की निस्बत सिर्फ (Macaulay's, Cicero and Molana Rumi) सिसरो व रोमी सुखनवर और मक़ाली साहब के क़ौल पर इक्तिफ़ा किया जाएगा और वो ये हैं। मुक़द्दम-उल-ज़िक्र यूँ कहता है कि :-

> "कोई ऐसा फिलासफर कैसा नायाब है जिसकी ज़िंदगी और दिल ऐसे हों जैसा अक़्ल तलब करती है जो अपनी तालीम को एक इल्मी दिखलावा नहीं मगर कानून-ए-ज़िंदगी समझता हो। जो अपना ताबेदार हो और अपने हुक्मों का लिहाज़ करता हो (यानी जैसा हुक्म करता आप ख़ुद उसके ताबे हो) और उसकी तामील करता हो हालाँकि ये कैसा आम है कि बुग्ज़े बुतलान और ग़ुरूर से इस क़द्र पुर है उन के लिए बेहतर था कि अगर वह सिखलाए ना जाते। बाअज़ ज़र के ग़ुलाम बाअज़ तकब्बुर के। बहुतेरे अपने हवा व होस (नफ्सानी ख्वाहिश) के। ऐसा कि उन की ज़िंदगी उन की बातों के साथ लड़ाई करती हैं। मक़ाली साहब कहता है कि उन्हों इस बात का वाअदा किया जो हो ना सके और जो हो सके उस की तहक़ीर की। उन्हों ने दुनिया को लंबे लंबे लफ़्ज़ों और लंबी लंबी डाढ़ियों से भर दिया और उस को वैसा ही जाहिल और शरीर छोड़ दिया जैसा पाया था।" (life of Johnson)

वाज़ेह रहे कि हम सिर्फ नजात की निस्बत नहीं बल्कि तालीम और तामील की निस्बत भी जो नजात के मुताल्लिक़ हैं उस मुंजी (नजात-दहिंदा) में खोजेंगे। जिनसे किसी मुंजी (नजात-दहिंदा) की फ़ौक़ियत और क़ाबिलियत ज़ाती यानी उस की वाजिबी सीरत ज़ाती मालूम होगी। और ये ना होगा कि अगर किसी ने कह दिया कि बदी ना करो और नेकी करो और एक-आध बातें भलाई की और चंद एक बुराई की कह सुनाएँ तो बस हम इन्सान इतनी बात पर अपनी रूहें उन के हाथ बेच डालें। उस की ज़िंदगी में उस की तालीम की अदमे तामील हमको बे-दिल करेगी और इस तालीम का असर खो देगी। वो तालीम मुर्दा तालीम नज़र आएगी जो उस की ज़िंदगी में ज़ाहिर ना हुई। इसलिए हम अपनी ऐसी हालत में ऐसे बातूनी भाईयों से चौकस रहें क्योंकि हम देख रहे हैं कि एक क़ौम नहीं कुल ग़ैर कौमें इस धोके के क़ाबू में है। और इस छोटे रिसाले में हमारी अर्ज़ बिरादराने अहले-इस्लाम को रिहा करने की है। उम्मीद है कि कमतरीन की गुज़ारिशों और आगाहियों को बगोश और दिल से सुनेंगे। और ख़ुदा के फ़ज़्ल से ये बात कुछ बईद नहीं है। कि लोगों को तौबा बख़्शे।

# दफ़ाअ 1 - इन्सान गुनेहगार हैं क्या जनाब-ए-मसीह और जनाब-ए-मुहम्मद भी ऐसे ही थे

पाकीज़गी क्या है कौन इसकी तारीफ़ कर सकता। कौन है जो इस की ख़्याली ही तस्वीर खींचे है। कब और किस की निस्बत कभी ऐसा हुआ था। जिस बात का किसी इन्सान को तजुर्बा नहीं होता और ना हुआ वो उस का कामिल नमूना क्योंकर सुनाए या दिखाए? इल्ला यह भी वो वस्फ़ है जो हर अहसन और उम्दा ख़याल और कलाम और काम का दाइमी मब्दा है। अक़्ल और इरादा और ख़्वाहिशें जो ऐसी ऐसी बद-अंदेशी और बद ख़्वाहीयाँ और ख़राबियां ज़ाहिर करती हैं ऐसा हरगिज़ ना करते अगर दिल में सरासर पाकीज़गी राइज होती। ऐसा हरगिज़ वक़ूअ में ना आता। अगर पाकीज़गी का दिलों पर तसल्लुत मुतलक़ होता। नबियों ने और बड़े-बड़े आलिमों ने अक्सरों की ज़िंदगी का अहवाल और अख़्लाक़ का तज़्किरा क़लमबंद किया। लेकिन किसी ने पाकीज़गी और अख़्लाक़ का कामिल नमूना या वाक़ई सूरत नहीं दिखाई। और इस बात में हर एक हमपाया (बराबर) है। अबस में वो तक़रीरें और तहरीरें जो वाक़ई सूरत तो यक तरफ़ ख़्याली सूरत भी नहीं बना सकें। वो हमारे किस काम में? ऐसी तक़रीरें तो क़रीबन हर मुल्क में कमोबेश मौजूद हैं लेकिन वो अख़्लाक़ और पाकीज़गी का पैमाना नहीं। वो इस बात में आजिज़ हैं कि ऐसी मुहसिन सूरत की वाक़ई हस्ती बतलाएं। अलबत्ता अगर किसी ने फ़िलवाक़े ऐसा देखा हो या सुना हो तब ये मुश्किल आसान हो जाती है और अगर ये बात किसी को हासिल ना हो तो किसी की पैरवी करना इस ग़र्ज़ से कि हम भी पाक हो जाएं बेफ़ाइदा हैं। ये धोका है। इस अम्र की तलाश फ़क़त किसी की बातों ही में नहीं बल्कि बेशतर उस की ज़िंदगी में करनी चाहिए।

अगरचे पाकीज़गी की कामिल और वाक़ई सूरत का ख़याल मुश्किल हो गया है। मगर फिर भी दुनिया के लोग अपने पेशवाओं की ज़िंदगी को पाक ज़िंदगी कहा करते हैं। और उनके मुताबिक़ अमल करने को ऐन सआदत ख़याल करते हैं। मगर लोगों की ये राय या मदह किसी क़ौमी या ख़ास सोसाइटी की तर्ज़ मुआशरत या सोहबत या तर्बियत या दबाओ के बाइस है। मसलन हिन्दुस्तान में जो लोग ज़ात पात के बड़े पाबंद हैं। बुत-परस्ती में बड़े सरगर्म हैं। रामचंद्र जी की बहादुरी और कृष्ण जी के कलोलों पर बड़े फ़ीरनका हैं। वो लोग ऐसी बातों में कोई बुराई महसूस नहीं करते उन के ज़मीर पर इसी क़िस्म का

असर और दबाओ पड़ गया है और वो गोया सुन्न हो गया है। अब ये और इस क़िस्म की बातें ईसाइयों और मुसलमानों में निहायत ही ज़बून समझी जाती हैं और गुनाह हैं। फिर इसी तरह बहुतेरी बातें और आदतें अहले-अरब की और बादअज़ां मुसलमानान अजम की बवाइस मज़्कूर के सबब ऐसी हो गई हैं कि वो उन को अच्छा और पुर-सवाब मानते हैं। मगर ईसाइयों की किताबों की रू से वो बुरी और गुनाह हैं। मसलन काअबा परस्ती, कस्रत इज़्दवाजी, कस्रत तलाक़, ग़ुलामी, इन्कार-ए-कफ़्फ़ारा मसीह, इन्कार उलूहियत मसीह कलमा परस्ती, क़ब्र परस्ती, हज दीगर मिल्लत के लोगों का क़त्ल करना मुसलमानों में शरअन आमाल हसना और ईमान सादिक़ में दाख़िल हैं और जन्नत को पहुंचाने वाले हैं। (देखो सूरह बक़रह आयत 217, सूरह इमरान आयत 196, और सूरह सफ़ आयत 2) हालाँकि ईसाइयों के नज़्दीक ये नफ़्सानी काम और ग़लत ईमान हैं और ख़ुदा तआला की पाक हुज़ूरी से इन्सान को दूर रखने वाले हैं। पस गुनाह और पाकीज़गी की निस्बत ऐसे बाहम बरअक्स ख़यालों और आदतों और तर्बीयतों के सबब सच्ची पाकीज़गी की कामिल सूरत मुईन करना मुश्किल हो गया है। और ना सिर्फ लोग ख़ुद अपनी मर्ज़ी की बातों और कामों को नेक सवाब समझते हैं। बल्कि अपने ऐसे ख़याल ख़ुदा के नज़्दीक भी पसंदीदा क़रार देते हैं। और इसी लिए अपने अपने तरीक़ में क़ायम रहते हैं। नाज़रीन इस बात का अंदाज़ा सिर्फ इतनी बात से कर सकते हैं, कि हर मज़्हब के लोग अपने मज़्हब को ख़ुदा की तरफ़ से कहते हैं। हाँ इसी सबब से एक कहता है कि बुत-परस्ती ख़ुदा को मंज़ूर है। दूसरे कहते हैं कि रहज़नी और ख़ूँरेज़ी ख़ुदा का हुक्म है कोई ऐब नहीं। काअबा परस्ती सवाब है। तीसरा कहता है शहवत परस्ती ऐन नेचर के मुताबिक़ है। और ख़ुदा ने इस को पास कर दिया है। पस यही सबब है कि लोग अपने अपने पेशवाओं की ईएसआई हरकतों को मअयूब (एब वाला) नहीं जानते बल्कि उन को पाक कहा करते हैं।

इस हाल में निहायत ज़रूरी अम्र है कि हम ख़ूब ग़ौर करें कि पाकीज़गी का इन्कार यानी गुनाह किस को कहते हैं? बाइबल फ़रमाती है कि "गुनाह ख़िलाफ़ शराअ (शरीअत) है।" अब शराअ (शरीअत) क्या है? शराअ (शरीअत) ख़ुदाए ख़ालिक़ का वो अख़्लाक़ी और रास्त क़ानून है जो अख़्लाक़ी बंदों के लिए इन्सान के ज़मीर और ख़ुदा के कलाम बाइबल मुक़द्दस में मौज़ू किया गया है। ज़मीर के धुँदले और सुस्त हो जाने के के सबब ख़ुदावंद ने शराअ (शरीअत) इल्हाम के ज़रीये अज़सर नौ फ़रमाई। वो शराअ (शरीअत) बज़ाता ऐसी रास्त और वाजिब है कि ख़ुदावंद तआला इस से ग़ैर या बरअक्स शराअ (शरीअत) नहीं दे सकता था। क्योंकि ख़ुदा रास्त है और रास्ती का बानी और उसका मुहाफ़िज़ है और

मुहाफ़िज़त वो इन्सान से तलब करता है। क्योंकि इन्सान को उस ने अख़्लाक़ी वजूद बनाया है। वो शराअ (शरीअत) तौरेत की किताब ख़ुरूज 20 बाब में मुन्दरज है और इस शराअ (शरीअत) का ख़ुलासा जनाब मसीह शारेअ आज़म ने मत्ती की इन्जील 22 बाब 37 से 40 आयत में फ़रमाया है। शराअ (शरीअत) अख़्लाक़ी के रास्त होने का वज़न और ख़ूबी ये है कि जब ख़ुदा ने फ़रमाया कि "मेरे हुज़ूर तेरे लिए दूसरा ख़ुदा ना होए" तो ये हुक्म अपने में रास्त है और रास्ती के ख़ुदा ने ये हुक्म दिया। इस का बरअक्स हुक्म वो दे नहीं सकता। फिर जब फ़रमाया कि "तू ज़िना मत कर। लालच ना कर" वग़ैरह ऐसे और फ़क़त ऐसे अहकाम इसलिए फ़रमाए कि ये बातें बज़ाता भली हैं और ख़ुदा ये हुक्म दे ही नहीं सकता कि तू ज़िना कर। तू लालच कर। तू ख़ून कर वग़ैरह। और यही बाइस है कि जब इन्सान ने उमूमन और ख़ुदा की ख़ास क़ौम ने ख़ुसूसुन इन हुक्मों से तजावुज़ किया तो ख़ुदा ने तजावुज़ की सज़ा ठहराई यानी लाज़िमी अज़्र और दुख किसी क़िस्म का। पस जबकि ख़ुदा ने गुनाह को पहचानने के लिए शरीअत दी हुई है तो लोगों के ख़यालों और आदतों और ख़्वाहिशों को जाने दो और याद रखो कि ख़ुदा किसी को ऐसा प्यार नहीं करता कि उस को गुनाह करने की इजाज़त दे यानी शरीअत से तजावुज़ करना जायज़ करे। लोग अपनी बेवकुफी या नफ़्सानियत की वजह से ऐसा जवाज़ बताएं तो ये कोई सनद नहीं है। चाहिए कि हम लोगों के फ़ेअलों को ख़ुदा की शरीअत से जांचें ना कि अपनी या उन की आदतों और कमज़ोरियों और नापाकियों के असर से गुनाह को गुनाह ही ना जानें ज़ाहिर है कि दुनिया में कई आदमी गुज़रे हैं जिनकी ताज़ीम की जाती है। यहां तक उन के गुनाह गुनाह नहीं समझे जाते और यूं वो उन के साथ बराबर किए जाते हैं। जो गुनाह से बिल्कुल पाक था। अब हम दो शख़्सों की सीरत बतौर मुक़ाबला पेश करते हैं जिनकी पैरवी में दुनिया का क़रीबन निस्फ़ हिस्सा आबादी का फ़रेफ़्ता व नाज़ां हो रहा है और वो ये हैं :-

| जनाब मसीह | जनाब मुहम्मद |
|---|---|
| **1. बज़ाते गुनाह से पाक** | **1. बज़ाते गुनेहगार** |
| अगरचे इन्सानी तजुर्बे इस अम्र में मायूस करता है कि कोई शख़्स गुनाह से पाक हो ताहम एक शख़्स और फ़क़त वही आलम अख़्लाक़ में नज़र | तजुर्बा ज़िंदगियों का इस अम्र को साबित करता है कि सिलसिला तौलीद मुरव्वजा में से कोई शख़्स पाक नहीं निकल सकता। इस सिलसिले |

आते हैं जो बज़ाता गुनाह से पाक है। उस की ज़िंदगी ऐसे ढब पर हुई कि गुनाह का उस में दख़ल नहीं हो सकता था। ग़ौर करो कि आदम अव्वल क्यों पाक था। इसलिए कि वो गोया ख़ुदा से पैदा हुआ। वो हस्ती जो आदम से पहले थी पाक थी और इसलिए वो जो एसी हस्ती से निकला बज़ाता पाक था। यानी ख़ुदा की सूरत पर था। लेकिन फिर इन्सानी सिलसिला तौलीद का शुरू हुआ तो आदम का बेटा आदम की सूरत पर पैदा हुआ और इस पैदाइश से पेश्तर चशमा बिगड़ गया था और इसलिए आदम का बेटा उस की नापाक सूरत पर पैदा हुआ पस अगर मसीह इस सिलसिले में पैदा होता तो वो भी आदम की सूरत पर पैदा होता और बज़ाता गुनाह से पाक ना होता। मगर उस का पाक होना इसलिए मुम्किन हुआ कि वो एक नई ख़ल्क़त था मिस्ल आदम के उस की पैदाइश मोअजज़ाना थी। ख़ुदा ने उस की निस्बत इस ज़ाती सिलसिला तौलीद में दख़ल दिया। ताकि इस सिलसिले की पलीदगी को जो असली क़ानून-ए-कुद्रत के ख़िलाफ़ हो गई थी अस्ल के मुवाफ़िक़ पाक करे और इन्सान को मालूम करा दे कि बनी-आदम की मौजूदा हालत असली हालत नहीं है। ये हालत नापाक और वो पाक थी। और इस तौर से इन्सान को पाकीज़गी का कामिल नमूना दिखादे जिसकी इन्सान तलाश व आरज़ू करता है मगर ऐसा हासिल ना हुआ। और ये पलीद सिलसिला तौलीद जो अव्वलीन सरिश्त के ख़िलाफ़ है मसीह में इस तरह की पलीदगी हर एक पर दाग़ लगाती है और ये नापाक सरिश्त इस बात का सबब है कि इन्सान सोचने की उम्र को पहुंच कर ख़ुद बख़ुद गुनाह की तरफ़ माइल होता है। और ये एक मुल्क में नहीं हर मुल्क में किसी एक शहर में नहीं हर शहर में किसी एक गांव में नहीं हर एक गांव में बाज़ारों और पोशीदा मकानों में आलीशान मकानों झोंपड़ों में यही हाल है। और इस हालत में हो कर भी अगर कोई अख़्लाक़ी ख़ूबी किसी में पाई जाती है तो वो भलाई की तरफ़ तरक़्क़ी करने का सबब है। अलबत्ता ये बात माक़ूल है कि भलाई की तरफ़ तरक़्क़ी करना चाहते है और जहां नहीं चाहते वहां बुराई ही को भलाई समझ के उसी को चाहते हैं। मगर ये ख़्वाहिश यूँही रायगां जाती क्योंकि आख़िर इन्सान ख़ुदा के सामने बुराई की ग़बत दिखाता है। अब चूँकि जनाबे मुहम्मद इसी सिलसिले में पैदा हुए और उनके इस तौर से पैदा ना होने का कोई ज़िक्र व सबूत नहीं है लिहाज़ा जनाबे मुहम्मद बज़ाता गुनाह से पाक नहीं हो सकते। और ना थे मुहम्मदियों की तावीलें नाबकार हैं। जब तक अब्दुल्लाह और आमना बेगुनाह ना साबित हों। अगरचे हमें पुख़्ता यक़ीन है कि मौरूसी गुनाह कुछ चीज़ है और इस का असर नस्ल पर होता है। ताहम इस मौक़े पर इस अम्र की बाबत गुफ़्तगु और अपनी तहक़ीक़ात पेश करना मुल्तवी करते हैं और ये गुज़ारिश किए देते हैं कि अगर कोई इन्सान में रूह को उस की इब्तिदा हस्ती से तामर्ग गुनाह के असर

| | |
|---|---|
| मुनक़ते हो और फ़रिश्ते ने जवाब में मर्यम से कहा कि रूह-उल-क़ुद्स तुझ पर उतरेगी और ख़ुदा तआला की क़ुद्रत का साया तुझ पर होगा। इस सबब से वो पाक लड़का ख़ुदा का बेटा कहलाएगा। ग़र्ज़ कि मसीह में पाकीज़गी शुरू ही से कामिल है। वो ख़ुदा बाप से निकल कर दुनिया में आया ना बाप आदम से। | व आलूदगी से मुबर्रा मुअर्रा समझता हो और कहे कि गुनाह सिर्फ़ जिस्म के मुताल्लिक़ है और एक जिस्मानी या ज़ाहिरी बात है और इसलिए अब्दुल्लाह और आमना के गुनेहगार होने से हज़रत मुहम्मद गुनेहगार नहीं बनते। तो इस से ये नतीजा होगा कि सब इन्सान ऐसे हैं और हज़रत मुहम्मद भी सिर्फ़ उनके मिस्ल एक हैं और बस। और अगर ऐसा ही है तो हर एक रसूल और शफ़ी का इस दुनिया में आना और शोर मचाना फ़ुज़ूल है। |

| जनाब मसीह | जनाब मुहम्मद |
|---|---|
| **2. अमलन गुनाह से पाक थे** | **2. अमलन गुनेहगार थे** |
| मसीह कहते हैं कि "तुम में से कौन मुझ पर गुनाह साबित करता है।" (इन्जील शरीफ़ बमुताबिक़ रावी हज़रत यूहन्ना रुकूअ 8 आयत 46) इस से ज़ाहिर है कि वो अपनी बेगुनाही के मुद्दई हैं। पर उन्होंने अपने गुनाहों के लिए कभी दुआ ना मांगी लेकिन औरों के गुनाह माफ़ करते (हज़रत मत्ती रुकूअ 9 आयत 2) और इस क़ुद्रत और सीरत का इस तरह सबूत देते थे "ताकि तुम जानो कि इब्ने-आदम को ज़मीन पर गुनाह माफ़ करने का इख़्तियार है। आपने झूले (लकवे) के मारे से कहा उट्ठो अपनी चारपाई उठा लो और अपने घर चले जाओ।" | क़ुर्आन शरीफ़ से साबित होता है (सूरह 91 ज़ुह आयत 7) "और पाया तुझ को भटकता फिर राह समझाई।" ये गुनेहगारी की बड़ी भारी अलामत है। और इस में हज़रत मुहम्मद की पहली हालत का हवाला है। फिर सूरह नस्र की आयत 3 यानी आख़िरी आयत यूं कहती है कि "अब पाकी बोल अपने रब की ख़ूबियां और गुनाह बख़्शवा अपने उस से। तहक़ीक़ वो है माफ़ करने वाला।" इस में गुनाह और गुनेहगार, बख़्शने वाला तीनों मुसर्रेह हैं। सूरह फ़त्ह पहली दो आयतें यूं हैं, "हमने फ़ैसला कर दिया तेरे |

(आयत 6) औरों को फ़रमाया कि "तौबा करो" पर आप कभी गुनाह के लिए तौबा ना की। औरों को फ़रमाया और हमेशा ताकीद की "तुम्हें सर-ए-नौ पैदा होना ज़रूर है।" मगर ये ज़रूरत अपने ऊपर कभी आइद ना की। और ये सब कुछ इसलिए था कि आप गुनाह से मुबर्रा (पाक) थे। और ऐसी हालतों में पड़ने के मुहताज ना हुए। और इसलिए कि आपके सामईन और नाज़रीन आप में गुनाह साबित ना कर सके बरख़िलाफ़ इस के आपके शक्की हवारियों ने आख़िर ये गवाही दी कि "तुमने उस क़ुद्दूस और रास्तकार का इन्कार किया।" (आमाल-उर-रसूल रुकूअ 3 आयत 14) फिर यही गवाह कहता है कि "उसने गुनाह ना किया और उस की ज़बान में छलबल ना पाया गया। वो गालियां खाने के बाद गाली ना देता था और दुख पाके धमकाता ना था बल्कि अपने तईं उस के जो रास्ती के साथ इन्साफ़ करता है सपुर्द करता था।" (इन्जील शरीफ़ ख़त अव्वल हज़रत पतरस रुकूअ 2 आयत 22 व 23) हज़रत पौलूस गवाही देते हैं कि "ऐसा सरदार काहिन (इमाम-ए-आज़म) जो हमारे लायक़ था। जो पाक और बेबद और बेऐब और गुनेहगारों से जुदा और आसमानों से बुलंद है।" (ख़त-ए-इब्रानियों रुकूअ 7 आयत 26) इसी तरह मसीह का अहवाल और बहुतेरे मुक़ामों में मज़्कूर हुआ है।

मसीह ऐसा नमूना थे कि जब इन्सान अपने गायत दर्जे की कामिलियत को पहुंचे तो उस के मुवाफ़िक़ होंगे। यूहन्ना रसूल लिखते हैं कि "प्यारो अब हम ख़ुदावंद के फ़र्ज़न्द हैं और ये वास्ते सरीह फ़ैसला ताकि माफ़ करे तुझको अल्लाह जो आगे हुए तेरे गुनाह और पूरा करे तुझ पर एहसान अपना और चलावे तुझको सीधी राह।" यहां फिर हज़रत मुहम्मद की पहली गुमराही और गुनेहगारी की निस्बत साफ़ मज़्कूर है। और उनके गुनाहों को माफ़ करने के लिए अल्लाह तैयार है। ये तो और इन्सान गुनेहगारों की हालत की सी हालत है। मसीह से इस को क्या निस्बत। चह निस्बत ख़ाक राहा आलम पाक? सूरह मुहम्मद रुकूअ 2 आयत 21 "और माफ़ी मांग अपने गुनाह के वास्ते और ईमानदार मर्दों और औरतों के लिए।" यहां से उम्मत और पेशवा दोनों यकसाँ गुनेहगार साबित हैं। इसी तरह सूरह मोमिन रुकूअ 3 और सूरह तौबा रुकूअ 7 में पढ़ते हैं, "और बख़्शवा अपना गुनाह और अल्लाह बख़्शे तुझको।" इन कौलों मनक़ूला से ज़ाहिर है कि हज़रत मुहम्मद अमलन गुनेहगार थे। और गुनाह से माफ़ी मांगने के लिए बार-बार हुक्म आया करता था। और इस बात पर हज़रत मुहम्मद का बड़ा ख़याल था कि अल्लाह बख़्शने वाला है। और इस ख़याल में पड़ कर इरादा गुनाह कर बैठे थे। और यूं अपने गुनाह इस की बख़्शिश से ढाँपा करते थे। इतनी इबारत या मिस्ल इस के कहीं भी नहीं कि हज़रत मुहम्मद गुनाह से पाक थे। याद रहे कि गुनाह बख़्शा जाना और गुनाह से दिल पाक होना दो जुदा चीज़ें हैं। और फ़र्ज़ किया कि हज़रत मुहम्मद को पहली बात हासिल थी मगर दूसरी बात फिर

अब तक ज़ाहिर नहीं होता कि हम क्या कुछ होंगे। पर हम जानते हैं कि जब वो ज़ाहिर होगा हम तो उस की मानिंद होंगे क्योंकि हम उसे जैसा वो है वैसा देखेंगे।" (ख़त अव्वल हज़रत यूहन्ना रुकूअ 3 आयत 2) इस बात का ख़याल नहीं कर सकते कि वो क्योंकर पाक थे क्योंकि और किसी को पाक नहीं देखते गुनेहगारी हम इन्सानों के लिए एक सहल और आम ख़याल है और इसी लिए पाकीज़गी का कामिल नमूना दिया गया कि गुनेहगारों को इस पाकीज़गी की उम्मीद और शौक़ हो और अंदाज़े कर सकें कि फ़ुलां हद या पैमाने तक की पाकीज़गी कामिल पाकीज़गी है।

ग़रज़ कि मसीह की पाक ज़िंदगी इन्सान के दिलों पर पूरा असर जमाने वाली है। और हमारे ईमान पुख़्ता करने वाली है। और मसीह की ये सीरत उनको लोगों के पेशवाओं पर बदर्जा ऊला तर्जीह देती है क्योंकि वो पाकीज़गी का वाक़ई नमूना और हक़ीक़ी सूरत है। और उनकी ये सीरत कुल इन्सानों की पैरवी की मुतक़ाज़ी है हाँ सिर्फ वही एक रास्तबाज़ है और कोई भी नहीं ऐसे शख़्स की पैरवी से सरीहन फ़ायदा है।

भी अपना ज़ोर ज्यूँ का त्यूँ रखती है। यानी उनको गुनेहगार साबित करती है और बख़्शिश तो सिर्फ सज़ा का दूर होना है। ग़रज़ कि हज़रत मुहम्मद की हालत इस अम्र में वैसी ही थी जैसी और इन्सानों की है। जैसे हम तुम और सब अपने गुनाहों की बख़्शिश चाहते हैं इसी तरह हज़रत मुहम्मद ने किया। और ज़ाहिर है कि मिस्ल औरों के वो भी एक आजिज़ और गुनेहगार थे। और पाकीज़गी और बख़्शिश के मुहताज थे। पस इस हाल में हज़रत मुहम्मद पाकीज़गी और अख़्लाक़ का कामिल नमूना नहीं लेकिन इस का एक नाक़िस पैरौ था। और हज़रत तजुर्बा और इल्हाम के इस फ़तवे के ज़ेर हुक्म हैं कि "कोई रास्तबाज़ नहीं एक भी नहीं।" ख़ुदावंद करीम ऐसे शख़्सों के पैरोओ को कामिल नमूने की तरफ़ लाए। क्योंकि ऐसे शख़्स की पैरवी से किसी गुनेहगार को क्या फ़ायदा है।

कुर्आन के मुतालए से ये बात बिल्कुल साफ़ मालूम होती है कि इस में पाकीज़गी पर चंदाँ ज़ोर नहीं दिया है। सिर्फ ज़ाहिरी बातों में से बाअज़ से बचना और बाअज़ को करना दरगाह इलाही में मक़्बूल होने के मूजिब कहे हैं। मगर रूही पाकीज़गी की तरफ़ हज़रत का ख़याल कुछ कम मालूम होता है। बल्कि यहां तक कह सकते हैं कि हज़रत इस की माहियत (असलियत) और ज़रूरत से नावाक़िफ़ से मालूम होते हैं। क़ुर्आन से ये मुसर्रेह नहीं कि हज़रत मुहम्मद किसी इन्सान के पाक होने या हो सकने का ख़याल रखते हों।

क्योंकि इस में किसी इन्सान को पाकीज़गी मन्सूब नहीं की गई है। हत्ता कि मसीह को भी जो सरासर और हक़ीक़त में पाक था पाकीज़गी का नमूना करके पेश नहीं किया है। इस बात का मुअय्यिद अम्र ये है कि अपने अफ़आल ग़ैर-मुहसिन को बुरा ना समझा बल्कि इनके जवाज़ के लिए रज़ा-ए-इलाही नाज़िल कर लिया करते थे। पस हज़रत मुहम्मद के नज़्दीक पाकीज़गी यही थी।

इलावा इस के वो तौर जो हज़रत मुहम्मद ने इख़्तियार किए उसे गुनेहगार होने से रोकने वाले ना थे हमारा गुमान है और जो तजुर्बे पर मबनी है कि जब तक इन्सान आज़माईश में ना पड़े अमली गुनाह उस से सादिर नहीं होता और ख़्याली गुनाह की शिद्दत का भी कम ज़ेर-ए-बार होता है मगर इस में क़ाबिल-ए-ग़ौर ये बात है कि ख़्वाह वो कभी आज़माईश में पड़ा ख़्वाह ना पड़ा हो और अगर पड़ कर गुनाह ना किया हो तो फिर जब पड़े और गुनाह करे तो ये बात साबित करेगी कि वो गुनेहगार आदमी है एक गुनाह से उस की सारी सरिश्त होगी मसीह ने अपनी ज़िंदगी में ऐसे तौर इख़्तियार ना किए जो उस को गुनाह में डालते मगर हज़रत मुहम्मद ने अपनी ज़िंदगी में ऐसे तौर आने दिए कि वो आपको इम्तिहान में पड़ने से रोक ना सकते थे बल्कि उस में डालने वाले थे। कमतरीन की राय में बावा नानक की निस्बत हज़रत मुहम्मद की गुनहगारी ज़्यादा सबूत रखती है मगर यहां तो मुक़ाबला मसीह और मुहम्मद का है। ये क्योंकर बराबर होगा।

माहिरीन-ए-इन्जील मुक़द्दसा जानते हैं कि कि इस में पाकीज़गी मुक़द्दम उसूल है। मसीह ने भी इस को मुक़द्दम बनाया और बाक़ी सब बातें इस मुद्दआ को बरामद करने वाली हैं।

ये बात सच्च है कि जैसा कि इल्म होगा या जैसी अक़्ल की रसाई होगी और जैसा जिसका बातिन होगा वो वैसे ही आमाल ज़ाहिर करेगा इसलिए कुछ अजब नहीं अगर हज़रत मुहम्मद की ज़िंदगी एक गुनेहगार ज़िंदगी ठहरे। और मसीह की ज़िंदगी बेऐब और पाक

अब चूँकि इन दो शख़्सों की ज़ाती और अमली हालत ऐसी थी तो उनकी ज़िंदगी भी अपनी अपनी हालत के मुवाफ़िक़ होगी और दोनों में फ़र्क़ होगा। और वो फ़र्क़ ज़ेल की बातों से मालूम हो जाएगा।

# दफ़ाअ 2 - इन्सान बसबब गुनाह के अपनी गुफ्तार व रफ्तार में साबित-क़दम और उस्तुवार नहीं हैं क्या जनाबे मसीह और जनाबे मुहम्मद भी ऐसे ही थे।

| जनाब मसीह | जनाब मुहम्मद |
|---|---|
| **2. अपनी गुफ़्तार व रफ़्तार में साबित-क़दम थे** | **2. अपनी गुफ़्तार व रफ़्तार में साबित-क़दम नहीं थे** |
| गुफ़्तार व रफ़्तार में यकसाँ उस्तुवार और साबित-क़दम ही मसीह में आला ख़्वाहिशें हमेशा मुक़द्दम और मुसल्लत नज़र आती हैं और कोई बात उनको उनके तरीक़ क़ायमा से दाएं बाएं नहीं कर सकती। कोई ख़याल या नज़ारा नफ़्सानियत का उस के पाक इरादे को मग़्लूब नहीं करता उस के लिए आज़माईश पर पड़ना और ना पड़ना बराबर है वो आज़माईश में उस्तुवार (मज्बूत) है। ज़िंदगी-भर में वो किसी बदी के मग़्लूब नहीं हुए। बल्कि इन्सान के दिल की ख़राबी के बरख़िलाफ़ सिखलाना और करना उनका दाइमी और क़ाइमी उसूल रहा<br><br>(1) हिर्स दुनियावी उस में नापदीद है। जब शैतान ने उन्हें दुनिया की सारी बादशाहतें और उनकी सारी शानो-शौकत दिखलाता है और सज्दा करने के वाअदे पर सब कुछ उन्हें देता है। तो हिर्स दुनियावी उनमें नहीं भटकती। इन चीज़ों के लिए वो मग़्लूब नहीं हो जाता। बल्कि कहते हैं कि "ऐ शैतान दूर हो और ख़ुदावंद को | गुफ़्तार व रफ़्तार में साबित-क़दम नहीं। अभी कुछ फिर कुछ। और यहां कुछ वहां कुछ और ये क़ाएदे की बात है। कि जब इन्सान में अदना ख़्वाहिशें आला ख़्वाहिशों पर ग़ालिब होती हैं यानी जब मर्ज़ी या इरादा मग़्लूब होते हैं। और नफ़्सानी ख़्वाहिशें ग़ालिब तो यही बातें ज़ाहिर करती हैं कि वो इन्सान अपने पर क़ाबिज़ नहीं। और नीज़ उस की आला ख़्वाहिशों की कमज़ोरी पर दाल हैं। और ज़िंदगी में अगर किसी वक़्त भी ऐसा वाक़िये हो तो इस का नाम उस्तुवारी और साबित क़दमी ना होगा। बल्कि गुनाह वाली नफ़्सानियत और महज़ इन्सानियत का ज़हूर गिरदाना जाएगा। मगर हज़रत मुहम्मद की ज़िंदगी में ऐसी ही बेकियामी है।<br><br>(1) हिर्स दुनियावी बानी इस्लाम में ये सूरत रखती है, कि दीन के भेस में दुनिया पर मुसल्लत होना बिल्कुल साफ़ नज़र आता है। और इस में ये बात भी पाई जाती है कि इस मुआमले में आप जिस तरह पहले ज़ाहिर हुए |

जो तेरा ख़ुदा है सज्दा कर उस अकेले की बंदगी कर।" (हज़रत मत्ती रुकूअ 4 आयत 8 ता 10) फिर जब लोग चाहते थे कि आएं और उसे ज़बरदस्ती बादशाह करें तो आप अकेले पहाड़ पर तशरीफ़ ले गए। (हज़रत यूहन्ना रुकूअ 6 आयत 15) और बजाए इस के वो ऐसी हिर्स का मग़्लूब हो वो अपनी ख़िदमत के शुरू से बराबर फ़र्माते रहे और इस बात पर साबित-क़दम है कि "मेरी बादशाहत इस जहान की नहीं बल्कि आस्मानी बादशाहत है।" इन सब तम्सीलों का मुद्दआ यही है जो आस्मान की बादशाहत की बाबत फ़रमाई थीं। (देखो इन्जील शरीफ़ बमुताबिक़ हज़रत मत्ती रुकूअ 13) और अपने पैरौओं (मानने वालों) से हमेशा इस बात का मुतक़ाज़ी हैं कि "अपना इन्कार करो और अपनी सलीब उठाके मेरी पैरवी करो।" (हज़रत मत्ती रुकूअ 16 आयत 46 और भी देखो हज़रत मत्ती रुकूअ 20 आयत 21 ता 28) यहूदी मसीह के मुंतज़िर थे। उस के दुनियावी बादशाह होने के मुंतज़िर थे। (बाइबल मुक़द्दस सहीफ़ा हज़रत ज़करिया रुकूअ 9 आयत 9 और सहीफ़ा हज़रत मीकाह रुकूअ 5 आयत 2) तो ये ख़ूब मौक़ा था कि उनकी इस क़िस्म की इंतिज़ारी पूरी हो। यहूदियों का बादशाह होना उनके लिए बहुत सहल था। अगर दुनियावी बादशाहत की हिर्स उस पर ग़ालिब होती मगर। वो मिस्ल इन्सानों के उम्दा और सहल मौक़ा और हालतें देखकर फूल ना उठा। पर अपने त्यों वैसा ही उस ज़हूर पर क़ायम ना रहे। मगर तमअ (लालच) दुनियावी ने आख़िरकार अपना ज़हूर दिखाया। मसलन आपका जंग और लड़ाईयां मारनी और अपने पैरौओं (मानने वालों) को भी यही शौक़ दिलाना इस के शाहिद हैं। इस बात में कई एक इन्सानी कमज़ोरियाँ ज़ाहिर होती हैं एक-आध का फिर ज़िक्र किया जाएगा। बिल-फ़अल मालूम हो कि हज़रत मुहम्मद में ये हिर्स बढ़ती गई और लड़ाईयां और फ़साद करने का हुक्म आता गया। लड़ाईयों के फ़वाइद और सवाब बयान करके इस शौक़ को ख़ूब ज़ाहिर किया। इस को ईमानदारी की अलामत बतलाया। और इस का नतीजा ये हुआ कि आप अरब के बादशाह हो गए। और लड़ाई करना और इस के वो मुहसिन फ़वाइद मुक़ामात ज़ेल से मुसर्रेह (साफ़) है। सूरह निसा रुकूअ 10 आयत 72, और रुकूअ 11 आयत 76, सूरह इमरान रुकूअ 14 आयत 140, और रुकूअ 19 आयत 192, और आख़िर जब मुल्क अरब को अपनी हीने-हयात (जीते जी) में फ़त्ह कर चुके तो इस क़िस्म के वसीअ हुक्म दिए गए और ख़राज गीर मुक़र्रर हुए। फिर माल-ए-ग़नीमत का हुक्म दिया जैसा दुनिया के बादशाह करते हैं। और आप भी इस में हिस्सादार थे। देखो सूरह अन्फ़ाल आयत 1 और 42, माल-ए-ग़नीमत अल्लाह का है और रसूल का वग़ैरह। ये बातें दुनियावी हिर्स की सरीह अलामतें हैं। अपनी ख़्वाहिश और हिर्स पूरी करने के लिए दूसरों की जान व माल का नुक़्सान करना और

| | |
|---|---|
| ज़ाहिर किया। और करता रहा। जैसा उसने अपने तईं एक मर्तबा जताया। | उस को अपने तसर्रुफ़ में लाना तो वही बात है जो हम अक्सर इन्सानों को करते देखते हैं। पस हज़रत मुहम्मद मिस्ल उनके एक है यानी हरीस। |

फिर जानना चाहिए कि इस बात का मसीह ने वाक़ई सबूत दिया कि मैं दुनियावी बादशाह नहीं हूँ। चुनान्चे जब यहूदियों ने जो आने वाले मसीह को एक दुनियावी बादशाह होने की उम्मीद लिए बैठे थे। जब जनाब मसीह ने मसीह मौऊद होने का दावा किया तो उन्होंने उस से एक ऐसा सवाल किया जिससे वो उस के बादशाही मन्सब को जांचें। और सवाल ये था कि आया क़ैसर को जज़्या देना रवा है या ना रवा? ये बात जनाब मसीह को यहूद की पस्त हालत पर ग़ैरत दिलाने की ग़र्ज़ से पेश की गई। मगर मसीह ने उनसे साफ़ फ़रमाया कि क़ैसर का हक़ क़ैसर को दो। और ख़ुदा का हक़ ख़ुदा को दो। फिर यह वादा के बादशाहों का एक काम ये था कि क़ाज़ियों का काम करते और फ़त्वा देते थे। सो लोगों ने इस ख़याल से कि अगर ये मसीह बादशाह है तो मिस्ल उन बादशाहों के उनके मुल्की और क़ौमी झगड़े फ़ैसल करेगा। इस ग़र्ज़ से उन्होंने चंद एक मर्तबा ऐसे झगड़े पेश किए जैसे ज़ानिया औरत का ऐन फ़ेअल के वक़्त पकड़ा जाना। मगर मसीह ने उस पर फ़त्वा ना दिया और यूं बादशाहों के इस मन्सबी काम से भी इन्कार किया। फिर यहूदाह के बादशाहों का एक काम ये भी था कि लश्कर कशी करते और दुश्मनों के साथ ख़ूनी मुक़ाबला करते थे। मगर मसीह ने इस बात के बर-ख़िलाफ़ सिखलाया और कहा, जैसा हर नाज़िर अनाजील पर रोशन होगा। सच्च है कि अगर मसीह ये काम करते और ये मन्सब अपने में दिखाते तो वो पुराने बादशाहों के मुवाफ़िक़ एक होते और बस। मगर आपने ऐसा ना किया और अपने त्यों उनसे एक आला बादशाह पेश किया जिसके काम और मन्सब सिवाए मज़्कूर के थे।

पस अगरचे मसीह ने दुनियावी बादशाह होने का शौक़ ना दिखाया और इस बात के लिए ज़रा भी कोशिश ना की ताहम इन्जील मुक़द्दस से ज़ाहिर है कि वो अपने त्यों यहूदियों का बादशाह कहते थे और फ़रिश्ते भी कहा करते थे कि ख़ुदावंद ख़ुदा उस के बाप दाऊद का तख़्त उसे देगा और वो सदा याक़ूब के घराने की बादशाहत करेगा और उस की बादशाहत आख़िर ना होगी। सो उस की ज़िंदगी से मालूम होता है कि कि उसने बनी-इस्राईल के बादशाहों की मानिंद अपने नाम का सिक्का ना चलाया और ना ज़मीनी तख़्त

पर सर्फ़राज़ हो कर अदालत की और ना उनके लिए लश्कर कशी की उस के लिए ये कमीनी (हक़ीर, मामूली) बातें थीं। अगर ऐसा करते तो महज़ मूसा और दाऊद की मिस्ल एक होते। मगर उनका बादशाह होना इलाही तौर पर था। इस तौर पर था जिस तरह ख़ुदावंद यहोवा बनी-इस्राईल का बादशाह थे। और मसीह ने वो काम किए जैसे ख़ुदावंद यहोवा बादशाह ने किए। हाँ मसीह ने वो काम किए जो उसे उस इलाही बादशाह के मुवाफ़िक़ ठहराते हैं। अब वो कौनसे काम थे जो यहोवा ने इस्राईल का बादशाह हो कर किए और जो दुनियावी बादशाहों के मुताल्लिक़ न छोड़े गए। अव्वल ये कि बनी याक़ूब को एक क़ौम बनाया और किसी दूसरी क़ौम का शुरू सही तौर से नहीं मालूम हो सकता कि किस से और क्योंकर हुआ मगर क़ौम इस्राईल को ख़ुदा ने क़ौम बनाया। और इसलिए इस क़ौम में वो इस नाम से नामज़द हुआ कि अब्रहाम का ख़ुदा इज़्हाक़ का ख़ुदा और याक़ूब का ख़ुदा। ये काम किसी बादशाह इस्राईल ने ना किया। बल्कि ख़ुदा ने ख़ुद किया। एक शख़्स को चुन लिया और उस से एक बड़ी क़ौम बनाई। दोम, ये कि इस क़ौम को एक शराअ (शरीअत) दी शराअ (शरीअत) बनाना बादशाहों का काम ना हुआ मगर लोगों और बादशाहों के लिए उसने ख़ुद एक क़ानून मुक़र्रर किया। सोम, नादीदनी तौर से उनमें ज़ाहिरा इंतिज़ाम करता रहा। सज़ा और जज़ा देना। और उनके ला-हल झगड़ों को फ़ैसल करना वग़ैरह।

इसी तौर से मसीह ने किया। यही काम मसीह ने किए। और यूं अपने त्यों उन बादशाहों से अफ़्ज़ल ज़ाहिर किया। अव्वल उसने एक क़ौम यानी एक कलीसिया बनाई। कुल बनी-आदम के लिए एक नई क़ौमियत खोली। दोम, एक नई शराअ (शरीअत) दी जो इस नई क़ौम के लिए क़ानून हिदायत हो और लोगों और बादशाहों के इख़्तियार में ना छोड़ा कि शराअ (शरीअत) बनादें। बल्कि ख़ुद ही एक क़ानून बख़्शा कि वो सब उस के मुवाफ़िक़ अमल करें। सोम, वो नादीदनी तौर से ऐसा इंतिज़ाम करता रहता कि ज़ाहिरा नतीजे हिदायत और तम्बीह के लिए दिखाता है। कलीसिया को हर तरह तरक़्क़ी देता है। बेदीनी को कम करता है वग़ैरह। पस मसीह दुनियावी बादशाहों के मुवाफ़िक़ अनाबत के काम ना करता था। बल्कि इलाही बादशाह के काम उस के मद्दे-नज़र थे। मूसा और दाऊद और मसीह के बादशाह होने में यही फ़र्क़ है। मूसा और दाऊद के नायब हो कर बादशाहत करते थे। मसीह नायब नहीं इलाही बादशाह हो कर बादशाहत करते हैं और इसलिए उसने दुनियावी बादशाहों वाले तरीक़ इख़्तियार ना किए और ना ये हिर्स उस में जगह पा सकी।

| जनाब मसीह | जनाब मुहम्मद |
|---|---|
| **2. अपनी गुफ़्तार व रफ़्तार में साबित-क़दम थे** | **2. अपनी गुफ़्तार व रफ़्तार में साबित-क़दम नहीं थे** |
| (ब) नफ़्सानी शहवत जो इन्सानों पर ग़ालिब होती है। और ख़ुसूसुन आज़माईशों में पड़ते हैं। मगर मसीह में ये बात नापीद है। उनके लिए कोई औरत या औरत की कोई हालत आज़माईश नहीं। हुस्न और बद-सूरती उनके सामने यकसाँ हैं। उन सब को जो उस के बाप (परवरदिगार) की मर्ज़ी के मुवाफ़िक़ चलें वो अपनी माँ और बहनें कहता है। (हज़रत मत्ती रुकूअ 12 आयत 50) औरतों की क़िस्म से गुफ़्तगु करते हुए उस की गुफ़्तार व रफ़्तार में फ़र्क़ ना आया जिस तरह मर्दों से उसी तरह उनसे भी कलाम करते हैं। मसलन जब सामरी औरत से अकेले में गुफ़्तगु करते थे कि जो कोई ये पानी पिए फिर प्यासा होगा। पर जो कोई वो पानी जो मैं उसे दूंगा पिए वो कभी प्यासा ना होगा। अलीख। और इसी तरह अपनी नई बादशाहत की और बातें उस पर ज़ाहिर करीं। (हज़रत यूहन्ना रुकूअ 4 आयत 26) फिर जब और मौक़े पर लोगों से कलाम करते थे तो उनको भी इसी तरह फ़रमाया, "जो मुझ पर ईमान लाता है कभी प्यासा ना होगा।" इसी तरह जब और मौक़ा औरतों से हम-कलाम हुए तो आस्मान की बादशाहत की बातें उनसे कहीं और समझाईं और वो जो उस की ये बातें मानती थीं उन्हें प्यार करता था। और नफ़्सानी शहवत के | (ब) नफ़्सानी शहवत जो इंसां में ज़ाती कह सकते हैं हज़रत मुहम्मद में बेशतर थी हत्ता कि वो इस के हमेशा मग़्लूब रहे। सेल साहब कहते हैं कि हज़रत मुहम्मद मिस्ल और अरबों के, शक्ल ही से औरतों के आशिक़ मालूम होते हैं। और उनकी औरतों और लौंडियों के क़िस्से जो तारीख़ मुहम्मदी मोअल्लिफ इमाद-उद्दीन में मुन्दरज हैं इस की मिसाल हैं। और इस नफ़्सानियत के जवाज़ की क़ुर्आन में हिदायतें आई हैं। चूँकि इनके बयान से तबइयत ख़राब होती है। इसलिए हम इनका ज़िक्र नहीं करते फिर औरों के लिए चार चार का हुक्म हुआ और अपने सहि चंद रवा रखीं ये ऐसी नफ़्सानियत का बड़ा नमूना है। और बेशतर शहवत का शाहिद है। और इस बात में हज़रत ने ना सिर्फ अपनी तालीम की एक गोना अमली मुख़ालिफ़त की बल्कि ख़ुदगर्ज़ी को ख़ूब साबित किया और शहवत-रानी में आवरों की शहवत की हमवारी ना की। औरों की शहवत को अपने बराबर ना जाना। फिर जिस ढब से ये काम पूरा करते रहे वो बिल्कुल नफ़्सानियत की तदबीरें थीं। हाँ ख़ुदगर्ज़ नफ़्सानियत के और ऐसा करके हज़रत मुहम्मद ने मसीह की तालीम की तह को ना पाया और उस से नफ़्सानी मुख़ालिफ़त दिखाई। और ना सिर्फ ख़ुद ऐसा किया बल्कि पैरों |

बरख़िलाफ़ ये क़ायम उसूल पेश किया कि जो कोई शहवत से किसी औरत पर निगाह करे वो अपने दिल में उस के साथ ज़िना कर चुका। (हज़रत मत्ती रुकूअ 5 आयत 28) और आप इस उसूल के दाएं बाएं ना हुए। और ना इस में से कुछ कम किया।

(ज) मसीह की तालीम का शुरू और दर्मियान और अंजाम यकसाँ है। उस की तालीम मौक़ों और हालतों से नहीं बनी अपनी किसी तालीम की निस्बत वो कभी मतर्ईर और पेशमान ना हुए। जो शुरू से सिखाया वही आख़िर तक क़ायम रखा और किसी मौक़ा या हालत की उम्दगी या क़बाहत उस के लिए सहूलत या सद्द-ए-राह ना हुई। ऐसी उस्तुवारी और साबित क़दमी ज़िंदगी और कलाम की पुख़्तगी है। पस पेश्तर इस से कि मसीह ने अपना काम शुरू किया। और फिर जब शुरू किया तो जानते थे कि इस का अंजाम क्या होगा। और जो काम शुरू किया तो उस के आख़िर तक किसी बात में अपने कहे और किए हुए से बाज़गश्त न करनी पड़ी। अव्वल उनके नए इंतिज़ाम के मुताल्लिक़ ये बात थी कि मेरी बादशाहत इस जहान की नहीं। दोम, ये कि उनकी बादशाहत एक रुहानी बादशाहत है। सोम, ये कि मैं सच्च पर गवाही देने आया हूँ। ये तीन उमूर उनकी ज़िंदगी का मुद्दआ थे। और ये उनकी तालीम और अमल को शामिल करते हैं। और इब्तिदा ही से आपने इनका इज़्हार किया और कभी दो रंगी ना ज़ाहिर की। पहले अम्र की निस्बत हम (मानने वालों) को भी सिखलाया। कि औरतें तुम्हारी खेतियाँ हैं वग़ैरह।

(ज) हज़रत मुहम्मद की तालीम मौक़ों और हालतों से बनती रही और बनी। इस का शुरू और अंजाम यकसा नहीं हुआ। तग़य्युर पज़ीर रही। ऐसी मुतग़य्यर (बदला हुई) तालीम का जब मुअल्लिम की कोना अंदेशी और कमज़ोरी और बे-एतबारी है। ये तो महज़ इन्सानी तरीक़े हैं। हम इस की चंद नज़रें पेश करते हैं।

(1) मुतबन्ना (गोद लिए) बेटे की जोरू से निकाह करने के शराअ (शरीअत) का मौक़ा और मूजिब ज़ैनब को नंगी देखकर उस पर हज़रत मुहम्मद की शहवत का भड़कना था। अगर ये मौक़ा जिसको आप देखकर सुब्हान अल्लाह पुकार उठे हाथ ना आता तो ये शराअ (शरीअत) कब ईजाद होती। और इस शहवत के जवाज़ के लिए ये शराअ (शरीअत) बनाई जो सूरह अहज़ाब रुकूअ 5 में मस्तूर है। “और जब तू कहने लगा उस शख़्स को जिस पर एहसान किया अल्लाह ने और तूने एहसान किया। रहने दे अपने पास अपनी जोरू को और डर अल्लाह से और छुपाता था अपने दिल में एक चीज़ जो अल्लाह उस को खोला चाहता है और तू डरता था लोगों से और अल्लाह से ज़्यादा चाहिए तुझको डरना। फिर जब ज़ैद तमाम कर चुका उस औरत से अपनी ग़र्ज़ हमने वो तेरे निकाह में दी ता ना रहे सब मुसलमानों को गुनाह निकाह कर लेना जोरूओं से अपने लेपालकों की

पेश्तर भी कुछ बयान कर चुके हैं। और थोड़ा सा और ये है, कि मसीह ने अपनी ख़िदमत के शुरू ही में। जब शैतान ने उन्हें आज़माया इस अम्र का इज़्हार कर दिया। फिर हज़रत यूहन्ना इस्तिबाग़ी को आगाह किया कि मुबारक वो जो मुझमें ठोकर ना खाए। हज़रत यूहन्ना के लिए ये नया रुहानी इंतिज़ाम एक नई बात मालूम हुई और इस सबब से उस को मसीह की सच्चाई की निस्बत क़दरे शक गुज़रा तो मसीह उस को समझाता है कि मुझमें ठोकर ना खाना। यानी मेरी बादशाहत को दुनियावी बादशाहत ना समझना। और और मौक़ों पर भी बराबर इस यहूद की ग़लती को दुरुस्त करते रहे। फिर उनकी तम्सीलें आस्मानी रुहानी बादशाहत की बाबत हैं और उनकी बढ़ती मज़हर हैं। और दुनियावी बादशाहत बिल्कुल ख़ारिज है। फिर देखो जब मौत के लिए गिरफ़्तार किए गए उस वक़्त भी फ़रमाया कि :-

